# देखो जी मेरा श्याम आया भजन लिरिक्स

प्रेमियों मंगल गाओ प्रेमियों,
प्रेमियों मंगल गाओ प्रेमियों,
होकर लीले असवार,
देखो जी मेरा श्याम आया,
भक्तों पे लुटाने प्यार,
देखों जी मेरा श्याम आया।bd।

तर्ज – ओढ़नी ओढ़ के नाचूं।

---

आज सारे भक्तों को बुलाओ,
जयकारा लगाओ मेरे श्याम का,
दिल की बातें कह जाएँ,
मन में कुछ ना रह जाएँ,
सबकी सुनेगा सरकार लखदातार,
सच्चे दिल से लगा ले गुहार,
देखों जी मेरा श्याम आया,
भक्तों पे लुटाने प्यार,
देखों जी मेरा श्याम आया।bd।

---

माथे टीका रोली लगा दो,
गजरा पहनाओ मेरे श्याम को,
मोर मुकुट सर पहनाओ,
बागा पचरंगी लाओ,
आज गज़ब करो श्रृंगार रे श्रृंगार,
और इत्र की हो बौछार,
देखों जी मेरा श्याम आया,
भक्तों पे लुटाने प्यार,
देखों जी मेरा श्याम आया।bd।

---

बागों से फूल मँगाओ,
राहों में बिछा दो मेरे श्याम की,
सिंहासन मंगवाओ जी,
श्याम को उसपे बिठाओ जी,
लाओ भोग का भरभर थाल भरभर थाल,
‘गोलू’ मिलके करे मनुहार,
देखों जी मेरा श्याम आया,
भक्तों पे लुटाने प्यार,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

प्रेमियों मंगल गाओ प्रेमियों,
प्रेमियों मंगल गाओ प्रेमियों,
होकर लीले असवार,
देखो जी मेरा श्याम आया,
भक्तों पे लुटाने प्यार,
देखों जी मेरा श्याम आया।bd।

**Singer – Ankit Goyal**